# उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
# प्रयागराज

NfSt

# बी.एड.(विशिष्ट शिक्षा)
# प्रवेश सूचना विवरणिका
# सत्र : 2025-26

**B.Ed. (Special Education)**
**Admission Information Brochure**
**Session: 2025-26**



NewsforSpecialTeacher.in

(बी०एड० (विशिष्ट शिक्षा) को RCI द्वारा मान्यता प्रदान किये जाने सबंधी आदेश की प्रतिलिपि)

भारतीय पुनर्वास परिषद
(सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक संविधिक निकाय)

# REHABILITATION COUNCIL OF INDIA

(A statutory Body Under the Ministry of Social Justice and Empowerment)

7-79(UPRTOU)/2003/RCI 5366

No. .........................

Dated : 4/5/2005

Prof. D.P. Singh
Vice-Chancellor
U.P. Rajarshi Tandon Open University
Allahabad- 211 001

Dear Sir,

This is with reference to your letter No. O.U./B.Ed./2005 dated 5th May 2005 regarding B.Ed. Special education in Hindi language. As per our discussion with representative or prospective study centrers during the centers during the coordinators meeting on 30th April 2005. We are approving 101 study centers. The list of approved study centers is enclosed for necessary action for the session 2005-2006.

Kindly note that the duration of the course will be two years from the current academic year in all B.Ed (SEDE) and the tuition fee will be Rs. 12,000/- for the programme. I am sure that under your able guidance. the programme will achieve the required success.

Thanking you.

Yours sincerely,
Sd/- (Dr. J.P. Singh)
Member Secretary

XXX XXX XXX XXX

बी-22, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली- 110 016
B-22 Qutube Institutional Area, New Delhi - 110 016
Ph: 011-26532408, 26856892.26532384, 26534287, Fax : 011-26534291
E-mail : rehadstd@ndc.vsnl.net.in E-mail : rehabstd@nde.vsnl.net.in
Visit us at :- www.rehabcouncil.nic.in



NfSt
NewsforSpecialTeacher.in

# महत्वपूर्ण प्रस्तावित तिथियाँ

| क्र.सं. | विवरण | प्रस्तावित तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन पंजीकरण, आवेदन एवं शुल्क भुगतान की प्रारम्भ तिथि | 18 मार्च, 2025 |
| 2. | ऑनलाईन पंजीकरण, आवेदन एवं शुल्क भुगतान की अन्तिम तिथि | 20 अप्रैल, 2025 |
| 3. | विलम्ब शुल्क सहित ऑनलाईन पंजीकरण, आवेदन एवं शुल्क भुगतान की प्रारम्भ तिथि | 21 अप्रैल, 2025 |
| 4. | विलम्ब शुल्क सहित ऑनलाईन पंजीकरण, आवेदन एवं शुल्क भुगतान की अन्तिम तिथि | 30 अप्रैल, 2025 |
| 5. | ऑनलाईन आवेदन विवरण में त्रुटि संशोधन अवधि | 01 मई, 2025 से 05 मई, 2025 |
| 6. | विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्रवेश परीक्षा प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की आरम्भ तिथि | 20 मई, 2025 |
| 7. | प्रवेश परीक्षा की तिथि | 06 जून, 2025 |
| 8. | विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रवेश परीक्षा परिणाम प्रकाशन | 13 जून, 2025 |
| 9. | प्रवेश परामर्श का प्रारम्भ | माह जुलाई, 2025 प्रथम सप्ताह |

NfSt

**विशेष सूचना–**

1. इस प्रवेश सूचना विवरणिका में दी गई सूचनाओं में किसी भी प्रकार की अस्पष्टता अथवा विसंगति की स्थिति में विश्वविद्यालय अधिनियम, परिनियम व अध्यादेशों में वर्णित व्यवस्था एवं विश्वविद्यालय का निर्णय ही अन्तिम होगा। **कतिपय कारणों से अंकित विषयों/तिथियों में परिवर्तन की दशा में यथासमय विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सूचना उपलब्ध करायी जायेगी।**
2. कृपया आप स्वयं अच्छी तरह से सुनिश्चित कर लें कि इस आवेदन पत्र में आपके द्वारा उल्लिखित जाति, वर्ग अधिभार एवं अर्हता आदि से सम्बन्धित सूचनायें सही–सही भरी गयी है। विश्वविद्यालय द्वारा इस सम्बन्ध में आपके द्वारा दी गयी सूचनाओं के आधार पर कार्यवाही की जायेगी एवं तत्सम्बन्धी सत्यापन प्रवेश परामर्श के समय आपके द्वारा प्रस्तुत मूल प्रमाण पत्रों के आधार पर किया जायेगा।
3. आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन ही स्वीकार किये जायेंगे। किसी भी दशा में किसी भी अन्य माध्यम से न तो आवेदन स्वीकार किये जायेंगे और न ही प्रवेश परीक्षा शुल्क स्वीकार किया जायेगा।



NewsforSpecialTeacher.in

# बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) प्रवेश सूचना विवरण

**(प्रवेश सूचना सत्र : 2025-26)**

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति वाले व्यक्तियों को इन बच्चों की प्रकृति व अधिगम प्रक्रिया को समझने के साथ-साथ मूल्यांकन प्रविधियों, विद्यालय प्रबंध एवं विद्यार्थी सहायता हेतु विभिन्न क्रिया-कलाप करने आदि की क्षमताओं को विकसित कर माध्यमिक स्तर के अध्यापक तैयार करना है। उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) के क्षेत्र में केवल बौद्धिक एवं विकासात्मक अक्षमता, श्रवणबाधिता एवं दृष्टिबाधिता से सम्बन्धित विशिष्टताओं में ही बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम का संचालन कर रहा है।

बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) में वर्तमान सत्र 2025-26 हेतु कुल 500+50 (EWS) स्थान हैं। बी.एड. विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रम वर्तमान में निम्नलिखित 10 अध्ययन केन्द्रों में भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा प्रदत्त NOC के आधार पर संचालित होगा। प्रत्येक अध्ययन केन्द्र में कुल 50 +5 EWS स्थान इंगित किये गये दिव्यांगता के क्षेत्र के अन्तर्गत निर्धारित है।

## अध्ययन केन्द्रों की सूची

NfSt

1. शिक्षा विद्याशाखा, उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, सरस्वती परिसर, (मुख्यालय) प्रयागराज- **(HI) (S-964)**
2. शिक्षा विद्याशाखा, उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, सरस्वती परिसर, (मुख्यालय) प्रयागराज- **(VI) (S-965)**
3. शिक्षा विद्याशाखा, उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, सरस्वती परिसर, (मुख्यालय) प्रयागराज- **(IID) (S-966)**
4. नेहरू ग्राम भारती (मानित विश्वविद्यालय), कोटवा जमुनीपुर, दुबावल, प्रयागराज **(HI) (S-967)**
5. जगतगुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट उ0 प्र0 **(VI) (S-968)**
6. के0 एस0 मेमोरियल कॉलेज फॉर रिसर्च एण्ड रिहेबिलिटेशन, प्यारेपुर, हरचन्दपुर, रायबरेली उ0 प्र0 **(HI) (S-969)**
7. कल्यांणम् करोति, कल्यानधाम, मसानी दिल्ली रोड, मथुरा, उ0 प्र0 **(HI) (S-970)**
8. जय नन्द स्पेशल टीचर ट्रेनिंग संस्थान, सराय खरगी, बीकापुर, फैजाबाद, उ0 प्र0 **(IID) (S-971)**
9. माँ बलिराजी सेवा संस्थान, वाणी एवं श्रवण अनुसंधान केन्द्र, विन्धयाचल रोड, मीरजापुर, उ0 प्र0 **(HI) (S-972)**
10. हैन्डीकैप्ड डेवलपमेंट काउन्सिल, शास्त्रीपुरम् सिकन्दरा आगरा, **(IID) (S-973)**

**नोटः RCI की अनुमति एवं NOC के आधार पर प्रवेश स्थानों एवं अध्ययन केन्द्र की संख्या में कमी या बढ़ोत्तरी हो सकती है। जिसकी सूचना अभ्यर्थियों को प्रवेश परामर्श के समय दी जायेगी।**

## बी0 एड0 (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम हेतु पात्रता

**इस कार्यक्रम में प्रवेश हेतु पात्रता निम्न हैः-**

1. बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए विज्ञान/सामाजिक विज्ञान/मानविकी/कृषि/वाणिज्य की स्नातक अथवा परास्नातक अथवा समकक्ष उपाधि में कम से कम 50 प्रतिशत अंक पाने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त इंजीनियरिंग या तकनीकी, जिसमें विज्ञान एवं गणित की विशेषज्ञता हो, स्नातक अथवा परास्नातक में कम से कम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी अथवा इनके समतुल्य कोई अन्य अर्हता पाने वाले अभ्यर्थी प्रवेश के लिए पात्र होंगे।



NewsforSpecialTeacher.in

2. बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम में प्रवेश हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह होंगे जो या तो किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अग्रांकित दो विषयों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण किये हो अथवा अग्रांकित विषयों में से एक विषय स्नातक पर तथा एक विषय इण्टर स्तर पर लिये हों- हिन्दी, अंग्रेजी, भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र, जन्तुविज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित, गृहविज्ञान, इतिहास, भूगोल, राजनीतिशास्त्र, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र तथा वाणिज्य।

**नोट :-**

1. **अर्हता प्रवेश परामर्श तिथि को पूर्ण होनी चाहिए एवं इस हेतु अंक पत्र/प्रमाण पत्र एवं अन्य वांछित प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप पर प्रस्तुत करना होगा।**
2. **उत्तर प्रदेश के EWS /अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग वर्ग के अभ्यर्थियों को ही उ० प्र० शासन के अनुसार आरक्षण एवं अर्हता प्राप्तांकों में छूट प्राप्त होगा। अन्य प्रदेशों के EWS/पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को प्रवेश अनारक्षित श्रेणी (Open Category) के अन्तर्गत दिया जायेगा।**

# कार्यक्रम अवधि

1. भारतीय पुर्नवास परिषद् (RCI)- नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त नियमित माध्यम (Regular Mode) से (D.Ed.Spl) या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों हेतु B.Ed.SE कार्यक्रम कुल 64 क्रेडिट का है तथा कार्यक्रम की न्यूनतम अवधि 2 वर्ष तथा अधिकतम अवधि 4 वर्ष है।
2. उपरोक्त बिन्दु (1) के अतिरिक्त ऐसे अभ्यर्थी जो भारतीय पुर्नवास परिषद् (RCI)- नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त D.Ed.Spl या समकक्ष कार्यक्रम उत्तीर्ण नहीं है, उनके लिए B.Ed.SE कार्यक्रम 80 क्रेडिट का है तथा कार्यक्रम की न्यूनतम अवधि 2 वर्ष 6 माह तथा अधिकतम अवधि 5 वर्ष है।

# प्रवेश पद्धति

1. बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम में प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में प्रवेशार्थियों के द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर किया जायेगा।
2. प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने ऐसे वाले अभ्यर्थी जो दिव्यांग बच्चे के माता-पिता हैं, उन्हें प्रवेश परीक्षा में अधिकतम 10 अंक का अधिभार दिया जायेगा। (दिव्यांग बच्चे के माता या पिता होने के स्थिति में बच्चे से सम्बन्ध का स्पष्ट प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा)
3. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं अन्य आरक्षित श्रेणी के प्रवेश हेतु उत्तर प्रदेश शासन की आरक्षण नीति का अनुपालन किया जायेगा। चालीस प्रतिशत (40% ) अथवा इससे अधिक की दिव्यांगता वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए नियमानुसार क्षैतिज आरक्षण उपलब्ध रहेगा। ऐसे अभ्यर्थियों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। उत्तर प्रदेश की महिलाओं, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों एवं रक्षा कर्मियों या उनके आश्रितों को उत्तर प्रदेश शासन के नियमानुसार आरक्षण देय होगा।
4. **अभ्यर्थी को केवल On-line आवेदन पत्र पूर्ण सूचनाओं सहित अनिवार्यतः भरना है।** आवश्यक प्रमाण पत्र प्रवेश परीक्षा के उपरान्त बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) प्रवेश हेतु काउन्सलिंग के समय जमा किये जायेंगे। प्रवेश परीक्षा का विवरण तथा प्रश्नों का नमूना आगे दिया गया हैं। प्रवेश परीक्षा केन्द्र के आवंटन का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय में निहित है।



NfSt
NewsforSpecialTeacher.in

प्रवेश साक्षात्कार में केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को बुलाया जायेगा, जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की होगी एवं विश्वविद्यालय द्वारा तय की गयी मेरिट लिस्ट के अन्दर होंगे। प्रवेश परीक्षा के आधार पर चयनित होने के उपरांत अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश परामर्श के समय प्रवेश पात्रता सम्बन्धी अपेक्षित मूल प्रमाण-पत्रों एवं उनकी प्रतियाँ तथा कार्यक्रम शुल्क जमा करने पर ही उसका प्रवेश पूर्ण समझा जायेगा। प्रवेश परामर्श में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को रु0 500/- परामर्श शुल्क के रूप में ऑनलाइन ट्रान्सफर (नेट बैंकिंग/डेविट कार्ड/क्रेडिट कार्ड) करने होंगे। परन्तु उ0 प्र0 राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को रु0 300/- परामर्श शुल्क के रूप में जमा करनें होंगे। जमा परामर्श शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।

# प्रवेश परीक्षा शुल्क एवं कार्यक्रम शुल्क

बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षा शुल्क सामान्य व अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए रु0 1200/-व विलम्ब शुल्क सहित रू0 1500/- एवं अनुसूचित जाति व जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए रु0 900/- व विलम्ब शुल्क सहित रू0 1200/- हैं। अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा के इस शुल्क का भुगतान ऑनलाइन ट्रान्सफर (नेट बैंकिंग/डेविट कार्ड/क्रेडिट कार्ड) से करना होगा। बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम शुल्क रु0 20,000/- (रूपये बीस हजार मात्र) प्रतिवर्ष है, जो विश्वविद्यालय द्वारा परिवर्तनीय होगी। प्रथम वर्ष में प्रवेश के साथ प्रवेशार्थी को शुल्क का भुगतान रु0 20,000/- प्रवेश परामर्श के समय ऑनलाइन ट्रान्सफर (नेट बैंकिंग/डेविट कार्ड/क्रेडिट कार्ड) के माध्यम से करना होगा। अभ्यर्थियों को द्वितीय वर्ष तथा तृतीय वर्ष (शेष 6 माह) हेतु अपने अध्ययन केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन प्रवेश लेना होगा तथा यथासमय निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। प्रवेश परामर्श के उपरान्त शिक्षार्थी द्वारा जमा शुल्क की धनराशि वापस नहीं की जायेगी।

## प्रवेश परीक्षा आवेदन हेतु प्रक्रिया

कार्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की बेबसाइट www.uprtou.ac.in पर B.Ed.SE Entrance Exam. Application Form 2025-26 के लिंक पर जाकर निम्नानुसार ऑन लाइन आवेदन करना होगा-

**स्टेप -1** अर्ह अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम विश्वविद्यालय की बेवसाइट के सम्बन्धित लिंक में जाकर नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, कार्यक्रम का नाम, निवास एवं श्रेणी (सामान्य, पिछड़ा वर्ग, अनूसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, EWS, दिव्यांग) आदि वांछित सूचनाएँ एवं प्रपत्र अपलोड करने होंगे। वांछित सूचनाएं अपलोड करने के उपरान्त विद्यार्थियों को ऑन-लाइन ही अपना नवीनतम फोटो व हस्ताक्षर को (JPG/JPEG) फार्मेट व निर्धारित साइज में अपलोड करना होगा।

**स्टेप -2** स्टेप - 1 को सफलता पूर्वक करने के उपरान्त अभ्यर्थी निर्धारित प्रवेश परीक्षा शुल्क ऑनलाइन ट्रान्सफर अर्थात् नेट बैकिंग/ डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड से जमा करेंगे।

**स्टेप -3** प्रवेश परीक्षा शुल्क के सफलतापूर्वक भुगतान करने के बाद अभ्यर्थी के ईमेल एवं पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर शुल्क प्राप्ति की सूचना प्राप्त होगी। इन सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करने के उपरान्त अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि भविष्य में किसी भी आवश्यकता की दृष्टि से पुष्टिकरण (Confirmation Page) का प्रिन्ट आउट



NewsforSpecialTeacher.in

लेकर अपने पास सुरक्षित रखें।

**स्टेप -4** ऑनलाईन आवेदन की स्टेप -3 प्रक्रिया के उपरान्त किसी त्रुटि संशोधन की आवश्यकता होने पर अभ्यर्थी निर्धारित त्रुटि संशोधन अवधि में पुनः लॉगिन कर वांछित संशोधन कर सकेंगे। उक्त अवधि के उपरान्त आवेदन पत्र में किसी प्रकार का संशोधन अनुमन्य नहीं होगा।

## प्रवेश परीक्षा की तिथि व परीक्षा केन्द्र

प्रवेश परीक्षा की तिथि, समय तथा परीक्षा केन्द्र (विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किया जायेगा) की सूचना प्रवेश पत्र पर अंकित की जायेगी एवं विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.uprtou.ac.in पर भी परीक्षा तिथि से एक सप्ताह पूर्व प्रदर्शित की जायेगी। प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.uprtou.ac.in पर उपलब्ध रहेगा। प्रवेश पत्र को अभ्यर्थी परीक्षा तिथि से एक सप्ताह पूर्व डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा केन्द्र के आवंटन का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय में निहित है। **प्रवेश परीक्षा में बैठने की अनुमति का अर्थ यह नहीं है कि अभ्यर्थी बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा) में प्रवेश सम्बन्धी पात्रता को पूर्ण करता है। प्रवेश का आधार आवेदक के द्वारा सम्बन्धित कार्यक्रम की प्रवेश पात्रता पूर्ण करने तथा आवेदक की प्रवेश परीक्षा में मेरिट होगी।** प्रवेश परीक्षा के आधार पर औपबन्धिक रूप से चयनित होने के उपरान्त अभ्यर्थी द्वारा काउन्सिलिंग के समय प्रवेश पात्रता सम्बन्धी अपेक्षित मूल प्रमाण पत्रों व अंक-पत्रों एवं उनकी छायाप्रतियाँ तथा कार्यक्रम शुल्क जमा करने पर ही उनका प्रवेश पूर्ण समझा जायेगा।

प्रवेश परामर्श के समय प्रस्तुत किये जाने वाले शपथ पत्र व अन्य आवश्यक प्रमाणपत्रों (जाति प्रमाण पत्र को छोड़कर) के प्रारूप अन्त में उपलब्ध है। जाति एवं EWS सम्बन्धी प्रमाणपत्र उ0प्र0 शासन के प्रारूप के अनुसार होना चाहिए।

## बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा) प्रवेश परीक्षा पद्धति एवं पाठ्यक्रम
## (B.Ed. SE Admission Test Method and Syllabus)

बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा) प्रवेश परीक्षा में निम्नांकित दो खण्ड होंगे-

**प्रथम खण्ड -** सामान्य मानसिक योग्यता (50 प्रतिशत अधिभार) तथा सामान्य जागरूकता (50 प्रतिशत अधिभार)

General Mental Ability (50% Weightage) and General Awarencess (50% Weightage)

**द्वितीय खण्ड-** दिव्यांग बच्चों के मनोविज्ञान एवं समस्याओं को समझना (40 प्रतिशत अधिभार) और दो शिक्षण विषयों में अवबोध (30 प्रतिशत अधिभार प्रत्येक विषय में)

Understanding of Problems and Psychology of the Disabled children (40% Weightage) and understanding in two teaching Subjects (30 % Weightage to each Subject)

**प्रथम खण्ड** में आगमन व निगमन तर्क योग्यता, समस्या समाधान योग्यता, शाब्दिक व आंकिक योग्यता एवं प्रत्येक शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षित सामान्य जानकारी (इतिहास, विज्ञान, राजनीति, साहित्य, संस्कृति, शिक्षा, समाज, अर्थशास्त्र, व्यापार, भूगोल पर्यावरण आदि क्षेत्रों की) से सम्बन्धित प्रश्न होंगे। **द्वितीय खण्ड** में दिव्यांग, बच्चों के मनोविज्ञान एवं उनकी समस्याओं से सम्बन्धित प्रश्न तथा दो शिक्षण विषय (हिन्दी, गणित, विज्ञान, अंग्रेजी व सामाजिक विज्ञान में से कोई दो चयनित) के ज्ञान व अवबोध का मापन करने वाले प्रश्न सम्मिलित होंगे।



NewsforSpecialTeacher.in

प्रत्येक खण्ड में वस्तुनिष्ठ प्रकार के सौ-सौ प्रश्न होंगे। परीक्षा की कुल अवधि 3 घण्टे होगी। अभ्यर्थी को परीक्षा प्रारम्भ होने के 20 मिनट पूर्व अपनी सीट ग्रहण कर लेनी होगी। प्रवेश परीक्षा आरम्भ होने के 30 मिनट पश्चात किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी। प्रवेश परीक्षा उत्तर पत्रक भरने के लिए अभ्यर्थी अपने साथ काला व नीला बाल पेन लायें। दोनों खण्डों में सम्मिलित किये जाने वाले प्रश्नों के नमूने निम्नवत है-

**प्रथम खण्ड**

**1- यदि कूट भाषा में SHYAM को RIXBL लिखेंगे तो RADHA को क्या लिखेंगे।**

**(A)** QBCIB
**(B)** QACOB
**(C)** DBCOB
**(D)** RACIB

सही उत्तर (A)

**2- Which one of the following word has wrong spelling**

**(A)** Exite
**(B)** Compare
**(C)** Exact
**(D)** Actual

सही उत्तर (A)

**3- पाइथागोरिस प्रेमय के अनुसार समकोण त्रिभुज में**

**(A)** $(\text{आधार})^2 = (\text{कर्ण})^2 + (\text{लम्ब})^2$
**(B)** कर्ण=आधार+लम्ब
**(C)** $(\text{लम्ब})^2 = (\text{आधार})^2 + (\text{कर्ण})^2$
**(D)** $(\text{कर्ण})^2 = (\text{आधार})^2 + (\text{लम्ब})^2$

सही उत्तर (D)

**4- मुगल साम्राज्य की स्थापना किसने की?**

**(A)** अकबर
**(B)** हुमायूं
**(C)** बाबर
**(D)** शाहजहाँ

सही उत्तर (C)

**5- विटामिन C की कमी से कौन सा रोग होता है?**

**(A)** बेरी-बेरी
**(B)** रतौंधी
**(C)** स्कर्बी
**(D)** रिकेट्स

सही उत्तर (C)

**द्वितीय खण्ड**

**1. सामान्य व्यक्ति की IQ कितनी होती है?**

**(A)** 70-90
**(B)** 90-110
**(C)** 110-130

सही उत्तर



NfSt
NewsforSpecialTeacher.in

(D) 50-70 (B)

**2. बहुसंवेदी उपागम से अभिप्राय है-**

(A) दृष्टि इन्द्रिय का उपयोग

(B) श्रवण इन्द्रिय का उपयोग

(C) अनेक इन्द्रियों का उपयोग सही उत्तर

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं (C)

**3. निम्नलिखित में से कौन सी रचना तुलसीदास की नहीं है?**

(A) रामचरिस मानस

(B) कवितावली

(C) विनय पत्रिका सही उत्तर

(D) रामचन्द्रिका (D)

**4. Which one of the following word has the wrong spelling?**

(A) Lilliption

(B) Limnology

(C) Linguistics सही उत्तर

(D) Liutesant (D)

**5. एक पांसे को एक बार फेंका जाता है। संख्या 3 अथवा 4 के आने की प्रायिकता क्या है?**

(A) 3

(B) 1/3

(C) 4 सही उत्तर

(D) 2 (B)

**6. शुद्ध जल का पी एच (ph) मान होता है-**

(A) 7

(B) 7.5

(C) 6.5 सही उत्तर

(D) शून्य (A)

**7. निम्नलिखित देशों में कौन ''सार्क'' का सदस्य नहीं है?**

(A) अफगानिस्तान

(B) थाईलैण्ड

(C) श्रीलंका सही उत्तर

(D) मालदीव (B)

प्रवेश परीक्षा के दोनों खण्डों के लिए एक अथवा दो अलग-अलग उत्तर पत्रक उपलब्ध कराया जायेगा। जिन पर अभ्यर्थी को प्रश्नों के उत्तर इंगित करने होगे। प्रत्येक प्रश्न के क्रमांक के आगे चार गोले, जिनमें क्रमशः A, B, C व D अक्षर




NewsforSpecialTeacher.in

मुद्रित होगा, दिये गये होंगे। प्रत्येक प्रश्न को पढ़ने के उपरान्त अभ्यर्थी को सही उत्तर का चयन करना होगा तथा उत्तर पत्रक पर सम्बन्धित अक्षर वाले गोले को निम्नांकित रूप में काले या नीले रंग के बाल पेन से पूरा भरना होगा।

**उत्तर इंगित करने का सही ढंग** — सही ढंग

**उत्तर इंगित करते समय ऐसा न करें** — गलत ढंग / गलत ढंग / गलत ढंग / गलत ढंग




# प्रवेश परामर्श साक्षात्कार

प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित होने के उपरान्त चयनित अभ्यर्थियों का प्रवेश परामर्श साक्षात्कार प्रयागराज में निर्धारित स्थान व तिथि के अनुसार होगा। अभ्यर्थी प्रवेश परामर्श साक्षात्कार हेतु विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.uprtou.ac.in को देखते रहे जिस पर उन्हें सूचित किया जायेगा। परन्तु अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपना परीक्षा परिणाम समाचार पत्रों/विश्वविद्यालय की बेबसाइट से देख लें तथा प्रवेश हेतु चयनित होने पर प्रवेश परामर्श साक्षात्कार की तिथि, समय व स्थान ज्ञात कर लें। प्रवेश परामर्श साक्षात्कार के दिन अभ्यर्थियों को सभी मूल प्रमाण पत्र, अंक-पत्रों के साथ-साथ शपथपत्र व अन्य प्रमाण पत्र व उनकी छाया प्रतियां, व कार्यक्रम शुल्क के रूप में रु0-20000/- का बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा। प्रवेश परामर्श साक्षात्कार में निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित न होने वाले अभ्यर्थी का प्रवेश अधिकार स्वत: समाप्त हो जायेगा एवं प्रतीक्षा सूची से प्रवेश कर लिया जायेगा। प्रवेश परामर्श साक्षात्कार में विभिन्न अध्ययन केन्द्रों पर स्थानों की तथा आरक्षण नियमों के प्रतिबन्धों के अनुरूप प्रवेश परीक्षा की सम्पूर्ण श्रेयता (Over all Merit) के अनुक्रम में अध्ययन केन्द्र आबंटित किए जायेगे। प्रवेश परामर्श साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले सामान्य व अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को रु0-500/- परामर्श शुल्क के रूप में ऑनलाइन ट्रान्सफर (नेट बैंकिंग/डेविट कार्ड/क्रेडिट कार्ड) करने होंगे, जबकि उ0प्र0 राज्य के अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को रु0-300/-परामर्श शुल्क के रूप में जमा करने होंगे जो किसी भी दशा में वापिस नहीं होंगे। उ0प्र0 राज्य के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लागू जाति प्रमाण एवं EWS सम्बन्धी प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से लाना होगा। अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रवेश परामर्श के समय क्रिमीलेयर से न आच्छादित होने का अन्य पिछडे वर्ग का जाति प्रमाण पत्र जो प्रवेश परामर्श की तिथि से तीन साल के अन्दर का हो, लाना अनिवार्य होगा। इसके लिए उ0प्र0 सरकार द्वारा लागू जाति प्रमाणपत्र ही मान्य होंगे। उ0 प्र0 के अतिरिक्त अन्य प्रदेशों के **EWS/पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को प्रवेश अनारक्षित श्रेणी (Open Category) के अन्तर्गत दिया जायेगा।**



NfSt
NewsforSpecialTeacher.in

# पाठ्यक्रम का विवरण

उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज का बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम कुल 80 केडिट का है जिससे विशिष्ट शिक्षा के भावी अध्यापको में उपयुक्त ज्ञान, कौशलों तथा अभिवृत्तियों को विकसित किया जा सके। बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम की पाठ्य संरचना को पाँच सेमेस्टर में बाँटा गया है। कार्यक्रम की संरचना निम्नानुसार है-

## STRUCTURE OF B.Ed. (Spl.ODL.) PROGRAMME

| Semester | Paper Nature | Paper Code | Title of the Paper | Credit | Marks |
|---|---|---|---|---|---|
| **First Semester** | Theory Compulsory | B.Ed. SE-01 | Human Growth and Development | 4 | 100 |
| | | B.Ed. SE-02 | Contemporary India and Education | 4 | 100 |
| | | B.Ed. SE-03 | Introduction to Sensory Disabilities | 2 | 50 |
| | | B.Ed. SE-04 | Introduction to Neuro Developmental Disabilities | 2 | 50 |
| | | B.Ed. SE-05 | Introduction to Locomotor and Multiple Disabilities | 2 | 50 |
| | Practical Compulsory | B.Ed. SE-PE-01 | Cross Disability and Inclusion | 2 | 50 |
| **Second Semester** | Theory Compulsory | B.Ed. SE-06 | Learning Teaching and Assessment | 4 | 100 |
| | | B.Ed. SE-07 | Inclusive Education | 2 | 50 |
| | Theory Elective (Any one in Specilised Area) | B.Ed. SE-71 | Assessment and Identification of needs (HI) | 4 | 100 |
| | | B.Ed. SE-81 | Assessment and Identification of needs (VI) | 4 | 100 |
| | | B.Ed. SE-91 | Assessment and Identification of needs IDD | 4 | 100 |
| | Theory Elective (Any one) | B.Ed. SE-31 | Pedagogy of Hindi Teaching | 4 | 100 |
| | | B.Ed. SE-32 | Pedagogy of English Teaching | 4 | 100 |
| | | B.Ed. SE-33 | Pedagogy of Math Teaching | 4 | 100 |
| | | B.Ed. SE-34 | Pedagogy of Biological Sciences Teaching | 4 | 100 |
| | Practical Compulsory | B.Ed. SE-PE-02 | Part-1 Disability Specialization | 2 | 50 |
| **Third Semester** | Theory Elective (Any one in Specilised Area**)** | B.Ed. SE-72 | Curriculum Design, Adaptation and Evaluation (HI) | 4 | 100 |
| | | B.Ed. SE-82 | Curriculum Design, Adaptation and Evaluation (VI) | 4 | 100 |
| | | B.Ed. SE-92 | Curriculum Design, Adaptation and Evaluation (IDD) | 4 | 100 |
| | Theory Elective (Any one in Specilised Area | B.Ed. SE-73 | Intervention and Teaching Strategies (HI) | 4 | 100 |
| | | B.Ed. SE-83 | Intervention and Teaching Strategies (VI) | 4 | 100 |
| | | B.Ed. SE-93 | Intervention and Teaching Strategies (IDD) | 4 | 100 |
| | Theory Elective (Any one**)** | B.Ed. SE-41 | Pedagogy of Social Studies Teaching | 4 | 100 |
| | | B.Ed. SE-42 | Pedagogy of Physical Sciences Teaching | 4 | 100 |
| | | B.Ed. SE-43 | Pedagogy of Commerce Teaching | 4 | 100 |
| | | B.Ed. SE-44 | Pedagogy of Home Sciences Teaching | 4 | 100 |
| | Practical Compulsory | B.Ed. SE-PE-03 | Part-II Disability Specialization | 4 | 100 |
| **Fourth Semester** | Theory Compulsory | B.Ed.SE- 08 | Basic Research & Basic Statistics | 2 | 50 |
| | Theory Elective (Any one) | B.Ed. SE-111 | Orientation and Mobility | 2 | 50 |
| | | B.Ed. SE-113 | Communication options: Manual options | 2 | 50 |
| | | B.Ed. SE-115 | Vocation Training, Transition and Job Placement | 2 | 50 |
| | Theory Elective (Any one) | B.Ed. SE-101 | Guidance and Counseling | 2 | 50 |
| | | B.Ed. SE-104 | Community based Rehabilitation | 2 | 50 |



NewsforSpecialTeacher.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | B.Ed. SE-105 | Application of ICT in Class Room | 2 | 50 |
| | Theory Elective (Any one in Specilised area) | B.Ed. SE-74 | Technology and Disability (HI) | 4 | 100 |
| | | B.Ed. SE-84 | Technology and Education of the Visually Impaired (VI) | 4 | 100 |
| | | B.Ed. SE-94 | Technology and Disability (IDD) | 4 | 100 |
| | Theory Elective (Any one) | B.Ed. SE-75 | Psycho Social and Family Issues: HI | 2 | 50 |
| | | B.Ed. SE-85 | Psycho Social and Family Issues: VI | 2 | 50 |
| | | B.Ed. SE-95 | Psycho Social and Family Issues: IDD | 2 | 50 |
| | Practical Compulsory | B.Ed. SE-PE-04 | Reading and Reflecting on Texts | 2 | 50 |
| | | B.Ed. SE-PE-05 | Drama and Art in Education | 2 | 50 |
| **Fifth Semester** | Practical Compulsory | B.Ed. SE-PE-06 | Main disability Special School | 4 | 100 |
| | | B.Ed. SE-PE-07 | Field Engagement/Internship-Main Disability Special School | 4 | 100 |
| | | B.Ed. SE-PE-08 | Field Engagement/Internship-Other Disability Special School | 4 | 100 |
| | | B.Ed. SE-PE-09 | Field Engagement/Internship-Inclusive Education | 4 | 100 |

# B.Ed. (Spl.Ed.) Practical

## First Semester

**B.Ed. SE-PE-01: - Cross Disability and Inclusion Credit: 02 (60 hours) Marks: 50**

| Tasks for the Teacher Trainees | Education Setting | Specific Activities | Hrs | Description |
|---|---|---|---|---|
| Visit to Special School | Special School for children with HI, VI and IDD | Study the infrastructure available in special school | 25 | Minimum 25 School Periods |
| Identification of Disability | | Study the summery report of the evaluation carried out on any two children with specific disability (HI, VI and IDD) and study its implication in term of educational placement | 25 | Minimum 25 School Periods |
| Classroom teaching observation | | Observe the teaching of children with specific disability (HI, VI and IDD) | 10 | Minimum 10 School Periods |

- Schedule for practical for PE-01 shall be included in the counseling / contact classes time table (ten working days may be allotted)
- Observations as mentioned are essential. However, if schools for other disability are not available in the near by area, the same way interpreted as observation at inclusive school/education/services being provided in the resource room/home based education or vice versa
- Cross disability and Inclusion (HI, VI and IDD)



NfSt
NewsforSpecialTeacher.in

# Second Semester

**B.Ed. SE-PE-02: - Part-I Disability Specialization Credit: 02 Marks: 50**

| S. No. | Tasks for the Teacher Trainees | Disability Focus | Education Setting | Hrs | Description |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Classroom Observation (teaching + skill based) | Major Disability | Special School | 10 | Observation of all subjects at different level, minimum 50 School Periods. |
| 2 | **a.** Preparation of micro Lesson Plan (Selected Subjects Pedagogy- 1 B.Ed. SE 31/32/33/34/ Pedagogy- 2 B.Ed. SE 41/42/43/44) with reference to different teaching skill | Major Disability | For Special School & Inclusive Set up (At the Study Center) | 20 | 10 Micro Plan of various teaching skills |
| | **b.** Preparation of Lesson Plan (focusing on Adaptation & Evaluation) | | | | 10 Lessons, (5 Adaptation & 5 Evaluation) |
| 3 | **a.** Micro teaching & simulated teaching on selected skills | General (Pe Group) | At the Study Center | 15 | 20 Lessons- two in each teaching skill |
| | **b.** Micro teaching & simulated teaching on 5 each from lessons planned in 1.2 | Major Disability (Peer Group) | At the Study Center | 15 | 10 Lessons Selected 05 Lesson Pedagogy- 1 & 05 Lesson Pedagogy- 2 |

***Note: teaching skills may be as follow***

1- Skill of Introduction. 2- Probing Questions. 3- Skill of Explaining. 4-Skill of Illustrating with Example. 5-Skill of Reinforcement. 6-Skill of Stimulus Variations.7- Skill of Classroom Management.8-Skill of using Black Board. 9- Skill of Recapitulation. 10- Skill of Evaluation.

- Disability specialization courses (HI, VI and IDD)

# Third Semester

**B.Ed. SE-PE-03 Part-II Disability Specialization Credit: 04 (120 hour) Marks: 100**

| S. No. | Tasks for the Teacher Trainees | Disability Focus | Education Setting | Hrs | No. of Lessons |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **a.** Visit | Disability | Special Schools or Institute in special education or Composite regional center (CRC). | 10 | Minimum 01 Special Schools Institute/CRC |
| 2 | **a.** Micro Lesson planning and execution on different levels for all subjects | Major Disability | Special School/ Resource Room | 30 | 20 Lesson (other than pedagogy selected subject) |
| 3 | Individualized Educational Programme on selected subjects with mention of support services | Major Disability | Special School/ Resource Room | 40 | 5 IEPs various category related disability |
| 4 | ISL/ BRAILLE SCRIPT (English, Hindi & numeric) / ADL- Skill | Disability Specialization (HI/VI/IDD) | Special Schools/ Institute/ ISL Center | 40 | Journal |

Note:

1 : Prepare a document with details of (institution, infrastructure, facilities, lab and equipment of Photograph and a certificate provided by the institution visitor should be attached.



NfSt
NewsforSpecialTeacher.in

2 : Documentation support services provided in IEP like – Educational, Therapeutically, Psychological, Assistive devices

3 : ISL – Prepare 50 words vocabulary and make stories on sign language.

Braille – Assignment should be made as Prose (10), Poetry (10) and Application (5) writing in brailed and prepare calendar.

- Disability Specialization courses (HI, VI and IDD)

## Fourth Semester

**B.Ed. SE- PE-04:**

**Reading and Reflecting on Texts** **Credit: 02** **Marks: 50**

**Note-** All the activities will be recorded in practical files.

1. Collect two views/articles from newspapers/magazines on burning issues of education/ special Education and write your comments on each collected article or views.
2. Review of any education related books or autobiography of two Educationists

**B.Ed. SE- PE-05: Drama and Art in Education** **Credit: 02** **Marks: 50**

**Note-** All the activities will be recorded in practical files.

1. Students will write an essay on the local culture and art forms/ famous educational T V shows
2. Prepare a report of Cultural Activities/ Visit to a art gallery, exhibition and cultural festivals

NfSt

## Fifth Semester

**B.Ed. SE-PE- 06 Main Disability Special School** **Credit: 04 (120Hrs)** **Marks: 100**

| S. No. | Task- School/ Attachment Internship | Education Setting | Specific Activities | Hrs | Submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Teacher Assistant | Special School of Major Disability | Studying The Background of the Children in the Allotted Class and Working as Teacher Assistant for Prayer/ Assembly, Attendance, Home Work/ Class Work, Writing Diaries and Assisting in School Celebration. | 40 | Journal of Daily Reflection and Learning |
| 2 | Document/Report Study | | Reading and Reporting on Academic Calendar, Work Books, Progress Reports, Case File, 3 Parents Meeting Report. | 40 | Journal |
| 3 | Use of Internet and Modern Technology for Improving the Classroom Process | | Using Technology for Classroom Teaching, Art Education, Record Keeping, Communication Downloading, Power Point, Audio Visual Concept Development Involving Student. | 40 | Journal |

- Disability specialization courses (HI, VI, and IDD)

**B.Ed. SE-PE-07- Field Engagement/Internship- Main Disability Special School** **Credit: 04** **Marks: 100**

| S. No. | Tasks for the Teacher Trainees | Disability Focus | Set Up | Description |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **CBR (Community Based Rehabilitation Programme** | All Disability | Community/ field | Minimum 120 hours |
| | | | | Documentation (Community Based Rehabilitation Programme) |

- Disability specialization courses (HI, VI, and IDD)



NewsforSpecialTeacher.in

**B.Ed. SE-PE-08- Field Engagement/Internship-Other disability Special School Credit: 04 Marks: 100**

| S. No. | Tasks for the Teacher Trainees | Disability Focus | Set Up | No. of Lessons |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Action Research | Any Major Disability | Inclusive School | Minimum 180 School periods |

- Cross disability and Inclusion (HI, VI and IDD)

**B.Ed. SE-PE-09 - Field Engagement/Internship- Inclusive Education Credit: 04 Marks: 100**

| S. No. | Tasks for the Teacher Trainees | Disability Focus | Set Up | No. of Lessons |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Prepare TLM/ Model used in Teaching Learning Process | Any Major Disability | Inclusive School | Journal |
| | Prepare Unit Plan | Major Disability | Primary to Secondary | 2 Unit Plan |
| | Achievement Test | Major Disability | Primary to Secondary | Prepare 50 Objective (Multiple) Type Questions |

- Cross disability and Inclusion (HI, VI and IDD)
- Disability specialization courses ( HI, VI and IDD)

## शिक्षण पद्धति

बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) पद्धति में बहुमाध्यम दृष्टिकोण को सम्मिलित किया गया है अर्थात् स्व-अध्ययन मुद्रित सामग्री, श्रव्य/दृश्य कार्यक्रम तथा प्रयोगात्मक कार्य के द्वारा अनुदेशन किया जायेगा। बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) हेतु अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से अनुदेशात्मक पद्धति में निम्नलिखित सम्मिलित हैं- **स्व-अनुदेशनात्मक मुद्रित सामग्री, श्रव्य दृश्य एवं अन्य इलेक्ट्रानिक अनुदेशन, परामर्श सत्र, अधिन्यास कार्य, प्रयोगात्मक कार्य एवं अभ्यास शिक्षण।**

NfSt

## मूल्यांकन पद्धति

बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम में सत्रीय प्रणाली को अपनाया गया है। विभिन्न प्रश्न-पत्रों के लिए मूल्यांकन में निम्नलिखित तीन पक्ष सम्मिलित रहते है-

1. स्व-मूल्यांकन अभ्यास (परीक्षा में कोई अधिभार नहीं)
2. आवधिक सत्रीय कार्य (अधिन्यास कार्य परीक्षा में 30 प्रतिशत अधिभार)
3. सत्रान्त परीक्षा (परीक्षा में 70 प्रतिशत अधिभार)

प्रत्येक प्रश्नपत्र/प्रश्नपत्रों के परामर्श एवं सम्पर्क शिक्षण परामर्श कार्यक्रम में कम से कम 80 प्रतिशत तथा प्रशिक्षण/कार्यशाला/शिक्षण अभ्यास/इण्टर्नशिप में कम से कम 90 प्रतिशत उपस्थिति रखने तथा अधिन्यास प्रस्तुत करने पर ही शिक्षार्थी को सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी। शिक्षार्थी को प्रश्न-पत्र विशेष के अधिन्यास तथा सत्रान्त परीक्षा में अलग-अलग न्यूनतम 36 प्रतिशत अंक पाने पर उस प्रश्न-पत्र में उत्तीर्ण घोषित किया जायेगा। सभी प्रश्न-पत्रों को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने पर शिक्षार्थी को अन्तिम सत्र के अन्त में उसके प्राप्तांकों के आधार पर सैद्धान्तिक तथा प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए अलग-अलग श्रेणी प्रदान की जायेगी-

| | |
|---|---|
| **प्रथम श्रेणी** | - 60 प्रतिशत या अधिक |
| **द्वितीय श्रेणी** | - 48 प्रतिशत या अधिक परन्तु 60 प्रतिशत से कम |
| **तृतीय श्रेणी** | - 36 प्रतिशत या अधिक परन्तु 48 प्रतिशत से कम |



NewsforSpecialTeacher.in

परन्तु विकल्प आधारित क्रेडिट व्यवस्था के अन्तर्गत विश्वविद्यालय की सामान्य नीति के अनुसार ग्रेडिंग सिस्टम को अपनाया जा सकता है। किसी सेमेस्टर के किसी प्रश्न पत्र/किन्हीं प्रश्न पत्रों की परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने या सम्मिलित न होने पर शिक्षार्थी उस प्रश्न पत्र/उन प्रश्न पत्रों में उस सेमेस्टर की आगामी सत्रान्त परीक्षा में बैक परीक्षार्थी के रूप में बैठ सकता है परन्तु किसी भी दशा में कोई भी शिक्षार्थी एक सत्रीय परीक्षा में अधिकतम तीन प्रश्नपत्रों में ही बैक परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित हो सकेगा। इस हेतु उसे परीक्षा आवेदन पत्र भरकर विश्वविद्यालय द्वारा प्रति प्रश्नपत्र की दर से निर्धारित वांछित शुल्क के साथ जमा करना होगा। प्रयोगात्मक परीक्षा के प्रश्नपत्रों के बैक पेपर की परीक्षा निर्धारित परीक्षा के साथ ही सम्भव होगी। प्रवेश लेने की तिथि से चार वर्ष/पाँच वर्ष के अन्दर शिक्षार्थी को समस्त प्रश्न पत्र (अनिवार्य, वैकल्पिक एवं प्रयोगात्मक) उत्तीर्ण करने होगें।

## अध्ययन केन्द्र एवं परीक्षा केन्द्र

प्रवेश परीक्षा प्राप्तांकों के आधार पर तैयार मेरिट एवं आरक्षण प्रावधानों के अनुरूप अध्ययन केन्द्रों का आबंटन प्रवेश परामर्श प्रक्रिया के समय सुनिश्चत किया जायेगा। प्रवेश परामर्श प्रक्रिया की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करायी जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों की सूची भी वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें। विश्वविद्यालय द्वारा आबंटित अध्ययन केन्द्र किसी भी दशा में परिवर्तित नहीं किये जायेगे। अभ्यर्थी को पाठयक्रम की सत्रांत्र परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर ही देनी होगी। विशेष परिस्थितियों में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान करने पर परीक्षा केन्द्र परिवर्तन सम्भव है परन्तु यह परिवर्तन प्रयोगात्मक परीक्षा में लागू नहीं होगा।

NfSt

## अति महत्वपूर्ण निर्देश

- केवल उ0प्र0 राज्य में मूल रूप से निवास करने वाले अभ्यर्थियों को ही आरक्षण लाभ देय होगा। अन्य राज्य के अभ्यर्थियों को अनारक्षित श्रेणी के अन्तर्गत ही आवेदन करना होगा।
- बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम में प्रवेश हेतु समस्त वांछित सूचनाओं के साथ ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा शुल्क व ऑनलाइन आवेदन पत्र ही स्वीकार किये जायेंगे। किसी अन्य माध्यम से आवेदन पत्र एवं प्रवेश परीक्षा शुल्क भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा।
- प्रवेश परीक्षा आवदेन पत्र सावधानी से सम्पूर्ण वांछित सूचनाओं सहित भरें। किसी भी त्रुटि के लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।
- प्रवेश हो जाने के उपरान्त प्रवेशार्थियों को आबंटित अध्ययन केन्द्र पर परामर्श तथा सम्पर्क कक्षाओं व अन्य शैक्षणिक क्रियाकलापों में अपनी निर्धारित उपस्थिति सुनिश्चित करना होगा।
- प्रवेश के समय अधिन्यास प्रश्नपत्र के प्राप्त होने पर अथवा अध्ययन केन्द्र से अथवा विश्वविद्यालय की वेबसाईट से प्राप्त कर अधिन्यास कार्य से सम्बन्धित पुस्तिकाएँ निर्धारित तिथि तक या उसके पूर्व अध्ययन केन्द्र समन्वयक को मूल्यांकन हेतु अवश्य उपलब्ध करा दें। अधिन्यास कार्य पुस्तिकाओं के अन्तिम तिथि तक प्राप्त न होने पर आपका सत्रांत परीक्षा प्रवेश पत्र निर्गत नहीं होगा। विभिन्न तिथियों की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uprtou.ac.in या अध्ययन केन्द्र समन्वयक से प्राप्त करें।



NewsforSpecialTeacher.in

- प्रवेश हो जाने पर विश्वविद्यालय से पत्र व्यवहार अध्ययन केन्द्र के माध्यम से ही करें। आप द्वारा सीधे प्रेषित पत्र चाहे वह रजिस्टर्ड अथवा स्पीड पोस्ट ही क्यों न हो विश्वविद्यालय द्वारा संज्ञान में नहीं लिया जायेगा।
- प्रवेश परीक्षा सम्बन्धी किसी अन्य जानकारी के लिये प्रवेश परीक्षा समिति के किसी सदस्य से दूरभाष पर ली जा सकेगी। प्रवेश परीक्षा समिति के समन्वयक का पता निम्नानुसार है-


**समन्वयक बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा)**
**प्रवेश परीक्षा : 2025-26**
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
सेक्टर-एफ, शान्तिपुरम, फाफामऊ, प्रयागराज-211021


## दिव्यांग अभ्यर्थी

1. नेत्रहीन परीक्षार्थी के लिए परीक्षा का समय विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार अतिरिक्त समय देने का प्रावधान किया गया है। (यू0जी0सी0 के निर्देशानुसार)
2. किसी भी परीक्षार्थी को विशेष सुविधा नहीं प्रदान की जा सकती है जब तक कि कुलपति महोदय की पूर्व अनुमति उनके सम्बन्ध में न हो। श्रुति लेखक की स्वीकृति प्राप्त होने पर ही इसकी व्यवस्था संभव हो सकेगी। (यू0जी0सी0 के निर्देशानुसार)
3. दिव्यांग परीक्षार्थियों की परीक्षा भूतल पर कराने हेतु विशेष सुविधा (यू0जी0सी0 के निर्देशानुसार)
4. 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांग परीक्षार्थियों के पूर्व अनुरोध पर लिपिक/पाठ्य प्रयोग सहायक की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। (यू0जी0सी0 के निर्देशानुसार)

***नोट***- *नि:शक्त अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे प्रवेश परीक्षा के दौरान अपेक्षित सुविधा के लिए 10 दिन पूर्व पत्र के माध्यम से अथवा अन्य तरीके से आवेदन कर दें, जिससे कुलपति जी की स्वीकृति प्राप्त कर ली जाये। चक्षु दिव्यांग अभ्यर्थी परीक्षा से 10 दिन पूर्व परीक्षा केन्द्र के व्यवस्थापक से श्रुति लेखक का नाम अनुमोदित करा लें। श्रुति लेखक सत्र 2023-24/2024-25 हाईस्कूल/इण्टर में सम्मिलित अभ्यर्थी हो सकता है जिसकी अंकतालिका व फोटो को प्रार्थना पत्र के साथ परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।*

NfSt



NewsforSpecialTeacher.in

**बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा)**

# पाठ्यक्रम हेतु शपथपत्र का प्रारुप

समक्ष,

समन्वयक, बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा) प्रवेश समिति-2025-26
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय,
प्रयागराज

मैं शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूं कि-

1. मैंने ................................................................................................................ विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा वर्ष ................................ में ................................ प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है।
2. मैंने................................................................................................................. विश्वविद्यालय से परास्नातक परीक्षा वर्ष ................................ में ................................ प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है।
3. (i) मैं स्वयं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हूँ।
   (ii) मैं दिव्यांग बच्चे का माता/पिता हूँ। (दिव्यांग बच्चे के माता या पिता होने के स्थिती में बच्चे से सम्बन्ध का स्पष्ट प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा)
   (उपरोक्त 3 (i), या (ii) में से जो लागू हो वही लिखा जाय, अन्य को अथवा दोनों को काट दें)
4. मैंने आर0 सी0 आई0 द्वारा मान्य योग्यता **(D.Ed.Spl)** (विशिष्ट शिक्षा) नियमित माध्यम से वर्ष ................. में पूर्ण किया है। आर0सी0आई0 में इसकी पंजीकरण संख्या...................................है।
5. मैं उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अर्ह हूँ। यदि भविष्य में यह ज्ञात होता है कि मैं प्रवेश हेतु अर्ह नहीं था/थी तो इसका पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा स्वयं का होगा एवं विश्वविद्यालय द्वारा मेरा प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा व मेरे द्वारा जमा शुल्क की समस्त धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा जमा की गयी किसी भी धनराशि को विश्वविद्यालय से वापस पाने का मैं कोई दावा नहीं करूंगा/करूंगी।
6. बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु मेरे द्वारा दी गई समस्त सूचनाएं मेरी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य है।

दिनांक ..............................

शपथकर्ता के पूर्ण हस्ताक्षर
स्पष्ट शब्दों में नाम
पूर्ण पता

नोट- निम्न शपथ पत्र प्रारूप को रू. 10/- के नान-ज्यूडिशियल शपथ पत्र पर नोटरी द्वारा प्रमाणित कराकर प्रस्तुत करें। जो लागू न हो उसे काट (x) दें।



NfSt
NewsforSpecialTeacher.in

# प्रतिरक्षा कर्मचारी एवं उनके पुत्र/पुत्री/पत्नी के लिए प्रमाण-पत्र का प्रारूप

## <u>प्रमाण-पत्र</u>

(अ) प्रमाणित किया जाता है कि श्री/कु./श्रीमती ............................................................ एक प्रतिरक्षा कर्मचारी/अधिकारी है जिनका रैंक ...................... है तथा नम्बर .......................................है जो कि सक्रिय सेवारत हैं अथवा सक्रिय सेवारत थे अथवा ससम्मान सक्रिय सेवा से अवकाश प्राप्त किया। श्री/कु0/श्रीमती ....................................... इनके पुत्र/पुत्री/पत्नी है।

ऑफिसर कमाण्डेण्ट अथवा सेक्रेटरी सोल्जर्स
बोर्ड के हस्ताक्षर एवं मोहर

दिनांक ..................................          अधिकारी का पूरा नाम ..................................

# स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रित पुत्र या पुत्री या पुत्र का पुत्र या पुत्र की अविवाहित पुत्री से सम्बन्धित प्रमाण पत्र

## प्रमाण-पत्र

(अ) प्रमाणित किया जाता है कि श्री/कु./* ............................................................ पुत्र/पुत्री श्री............................ ............................................निवासी.......................................................................................स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री/श्रीमती** .........................................................................निवासी............................................................. ............का आश्रित*** ................................................................. है।

**डी.एम./ए.डी.एम.**

हस्ताक्षर मोहर सहित

दिनांक ..................................          अधिकारी का पूरा नाम ..................................

नोट-साथ में जिलाधिकारी प्रदत्त प्रमाण-पत्र एवं पेंशन पुस्तिका की सत्यापित फोटो कापी भी अवश्य संलग्न करें।

*      यहाँ आश्रित का नाम लिखा जाये।

**     यहाँ स्वतंत्रता सेनानी का नाम लिखा जाये

***    यहाँ स्वतंत्रता सेनानी का आश्रित के साथ सम्बन्ध लिखा जाये।

डी0एम0 या ए0डी0एम0 का प्रमाण-पत्र आवश्यक है।

NfSt



NewsforSpecialTeacher.in

कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 3/2012/4/1/2002/वा-2/19 टीसी-II दिनाँक 16 मार्च, 2019 का संलग्नक

**प्रपत्र-1**

**उत्तर प्रदेश सरकार**

कार्यालय का नाम.....................................

# आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सदस्य द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला आय एवं परिसम्पत्ति प्रमाण-पत्र

प्रमाण-पत्र संख्या........................... दिनाँक ........................

वित्तीय वर्ष ....................................के लिए मान्य

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी.......................................................................................................
........................पुत्र/पति/पुत्री ........................................................ ग्राम/ कस्बा ...............................
पोस्ट ऑफिस .............................................................थाना....................................... तहसील ...................
जिला ............................................... राज्य .................................... पिन कोड ............................ के स्थायी निवासी है, जिनका फोटोग्राफ नीचे अभिप्रमाणित है, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सदस्य है क्योंकि वित्तीय वर्ष .................. में इनके परिवार को कुल वार्षिक आय 8 लाख (आठ लाख रूपये मात्र) से कम है। इनके परिवार के स्वामित्व में निम्नलिखित में से कोई भी परिसम्पत्ति नही है-

1. 6 (छः) एकड़ कृषि योग्य भूमि अथवा इससे ऊपर।
2. एक हजार वर्ग फीट अथवा अधिक क्षेत्रफल का फ्लैट।
3. अधिसूचित नगरपालिका से इतर 200 वर्ग गज अथवा इससे अधिक का आवासीय भूखण्ड।
4. अधिसूचित नगरपालिका से इतर 200 वर्ग गज अथवा इससे अधिक का आवासीय भूखण्ड।

श्री/श्रीमती/कुमारी ..................................................जाति ...........................................के सदस्य है, जो अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के रूप में अधिसूचित नहीं है।

| नवीनत फोटो<br><br>प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर सहित |
|---|

हस्ताक्षर (कार्यालय का मुहर सहित)

पूरानाम .....................................

पदनाम .....................................

जिलाधिकारी/अधिरिक्त जिलाधिकारी

सिटी मजिस्ट्रेट/परगना मजिस्ट्रेट/तहसीलदार

NfSt



NewsforSpecialTeacher.in

# प्रवेश परीक्षा आयोजन एवं संचालन समिति

| | | |
|---|---|---|
| प्रो0 पी0के0 स्टालिन | समन्वयक | 7275054261 |
| डॉ0 जी0 के0 द्विवेदी | सह समन्वयक | 7525048012 |
| डॉ0 दिनेश सिंह | सह समन्वयक | 7525048013 |
| डॉ0 रविन्द्र नाथ सिंह | सदस्य | 7525048100 |
| डॉ0 संजय कुमार सिंह | सदस्य | 9454945424 |
| श्री विनय कुमार | सदस्य सचिव (परीक्षा नियंत्रक) | 7525048009 |

# शिक्षा विद्याशाखा के प्राध्यापकों की सूची

| | | |
|---|---|---|
| प्रो0 पी0 के0 स्टालिन | निदेशक | 7275054261 |
| प्रो0 प्रदीप कुमार पाण्डेय | आचार्य | 7525048011 |
| प्रो0 छत्रसाल सिंह | आचार्य | 7525048003 |
| डॉ0 गिरीश कुमार द्विवेदी | सह–आचार्य | 7525048012 |
| डॉ0 दिनेश सिंह | सह–आचार्य | 7525048013 |
| डॉ0 सुरेन्द्र कुमार | सहायक आचार्य | 7525048100 |
| डॉ0 उपेन्द्र नाथ तिवारी | सहायक आचार्य (संविदा) | 7525048016 |
| डॉ0 नीता मिश्रा | सहायक आचार्य (संविदा) (श्रवण दिव्यांगता) | 7525048049 |
| श्री परविन्द कुमार वर्मा | सहायक आचार्य (संविदा) (दृष्टि दिव्यांगता) | 9793862724 |
| श्री प्रवीण कुमार | सहायक आचार्य (संविदा) | 8924950722 |
| डॉ0 रविन्द्र नाथ सिंह | सहायक आचार्य (संविदा) | 7007824147 |
| डॉ0 संजय कुमार सिंह | सहायक आचार्य (संविदा) (श्रवण दिव्यांगता) | 9454945424 |
| श्रीमती सुषमा सिंह | सहायक आचार्य (संविदा) (बौद्विक दिव्यांगता) | 6394267312 |
| डॉ0 बाल गोविन्द सिंह | सहायक आचार्य (संविदा) | 9451894644 |
| डॉ0 शैलेन्द्र कुमार | सहायक आचार्य (संविदा) | 9451670326 |
| डॉ0 पुष्पेन्द्र कुमार वर्मा | सहायक आचार्य (संविदा) | 7398823844 |
| डॉ0 रीतु शर्मा | सहायक आचार्य (संविदा) (दृष्टि दिव्यांगता) | 9473891180 |
| श्रीमती कौमुदी शुक्ला | सहायक आचार्य (संविदा) (बौद्विक दिव्यांगता) | 7985670016 |

# शिक्षा विद्याशाखा के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की सूची

| | |
|---|---|
| CCSS | Two Year Certificate Course in Single Subject (Education) |
| B.A. | Bachelor of Art (Education as a Subject) |
| B.Ed. (ODL) | Bachelor of Education |
| B.Ed. SE. (ODL) | Bachelor of Education in Special Education |
| PGDVGCC | Post Graduate Diploma in Vocational GuIDDance & Career Counseling (अग्रिम आदेश तक स्थगित) |
| PGDDE | Post Graduate Diploma in Distance Education |
| PGDEA | Post Graduate Diploma in Education Administration |
| MAED | Master of Art in Education |
| Ph.D. (Regular Mode) | Education |



NewsforSpecialTeacher.in